शिखर 1

पाठ 6. सारी दुनिया मेरी है

कविता का उद्देश्य
प्रस्तुत कविता का उद्देश्य बच्चों को परिवार का महत्त्व बताना, आपसी प्रेम और स्नेह भावना से परिचित कराना है।

कविता का सारांश
बच्ची जिधर भी नजर घुमाती है उसे सारी दुनिया अपनी लगती है। उसके दादा जी पूरब में और नाना पश्चिम में रहते हैं। दोनों ही चिट्ठी लिखकर उसे छुट्टी में अपने घर बुलाते हैं। बुआ और मौसी भी बच्ची को बहुत प्यार करती हैं। वह उन दोनों की दुलारी है। बच्ची के अनुसार सबकी दुनिया एक है।

अध्यापन संकेत
कविता वाचन से पूर्व बच्चों का ध्यान पाठ की ओर दिलाने हेतु उनसे पाठ से संबंधित कुछ प्रश्न पूछें, जैसे-उनके नाना-नानी कहाँ रहते हैं?, क्या उन्हें अपने नाना-नानी के घर जाना पसंद है?, वे वहाँ पर अपनी छुट्टियाँ कैसे बिताते हैं?

- ❖ कविता का सस्वर वाचन करें।
- ❖ बच्चों को चारों दिशाओं के बारे में समझाएँ।
- ❖ कविता के कठिन शब्दों के अर्थ बताएँ।
- ❖ कविता में आए संयुक्ताक्षरों के बारे में समझाएँ।
- ❖ तुक मिलाते शब्दों की ओर बच्चों का ध्यान केंद्रित करने का प्रयत्न करें।

डिजिटल (Digital) के माध्यम से पाठ की ई-बुक विद्यार्थियों को दिखाकर पाठ के प्रत्येक अंग का स्पष्टीकरण कीजिए। गतिविधियों की दुनिया से परिचय भी कराइए।